प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेक्निक, कैमूर

आदेश सं० :– /कैमूर, दिनांक :–

कार्यालय आदेश

संस्थान के बालक छात्रावास में आवासन कर रहे दो छात्रों क्रमशः श्री प्रदुम मोहन पाण्डेय, शाखा– इलेक्ट्रॉनिक्स, क्रमांक 22/EC/21 एवं श्री आशीष रंजन, शाखा– इलेक्ट्रीकल, क्रमांक 302/EE/21 को दिनांक :– 16.07.2023 (दोपहर) को छात्रावास व मेस में दुर्व्यवहार करने तथा व्याख्याताओं के द्वारा समझाऐं जाने पर उनके साथ भी अशिष्ट भाषा प्रयोग करने के कारण मेस संचालक एवं छात्रावास प्रबंधन कमिटी के सदस्यों द्वारा लिखित आवेदन तथा उक्त दोनों छात्रों एवं संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों से पृच्छा के आधार पर उपरोक्त दोनों छात्रों को छात्रावास से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है। ज्ञातव्य हो कि उक्त दोनों छात्रों का व्यवहार पूर्व से ही खराब रहा है इन दोनों पर पूर्व में भी छात्रावास में मारधाड़ करने, प्रकाश यंत्रों को तोड़ने, अग्निशमन यंत्रों को क्षति पहुँचाने का आरोप है।

अतएव उपर्युक्त दोनों छात्रों को निदेशित किया जाता है कि आदेश निर्गत से तीन दिनों के अंदर छात्रावास खाली करते हुए छात्रावास प्रबंधन समिति एवं मेस से अबकाया प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें। छात्रावास प्रबंधन समिति को निदेशित किया जाता है कि निर्धारित समयावधि में नामित दोनों छात्रों का कमरा खाली करना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/–

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेक्निक,
कैमूर

ज्ञापांक :– 188 /कैमूर, दिनांक :– 21-07-2023

प्रतिलिपि :–

1. श्री प्रदुम मोहन पाण्डेय (छात्र), शाखा– इलेक्ट्रॉनिक्स, क्रमांक 22/EC/21 एवं श्री आशीष रंजन (छात्र), शाखा– इलेक्ट्रीकल, क्रमांक 302/EE/21 को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
2. संस्थान के सभी छात्र–छात्राओं को सूचनार्थ एवं स्मरण हेतु सूचना–पट्ट पर प्रेषित।
3. छात्रावास अधीक्षक, वार्डेन व परिसर केयरटेकर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
4. संस्थान के सभी पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. संस्थानान्तर्गत मेस संचालक एवं सुरक्षा प्रदात्ता M/s Simanchal Detective and Security Services Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. स्थापना शाखा, राजकीय पोलिटेक्निक कैमूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/07/2023

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेक्निक,
कैमूर

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक
कैमूर (भभुआ)

D:\GPK 2023-24\Office Orde.docx